**के वि सं - आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मैसूर**

**प्रतिदर्श प्रश्न2022 पत्र--23**

**विषय हिन्दी )आधार ( विषय कोड -302**

**कक्षा :बारहवीं**

**निर्धारित समय घंटे 3 - अधिकतम अंक - 80**

सामान्य और आवश्यक निर्देश -

- इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड हैं -खंड 'अ' और 'ब' । कुल 13 प्रश्न हैं ।
- खण्ड 'अ' में 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।
- खण्ड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।
- दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए ।

## खंड अ (वस्तुपरक प्रश्न)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तरवाले विकल्प को चुनकर लिखिए |** (1 x 10=10 )

दबाव में काम करना व्यक्ति के लिए अच्छा है या नहीं, इस बात पर अक्सर बहस होती है। कहा जाता है कि व्यक्ति अत्यधिक दबाव में नकारात्मक भावों को अपने ऊपर हावी कर लेता है, जिससे उसे अक्सर कार्य में असफलता प्राप्त होती है। वह अपना मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य भी खो बैठता है। दबाव को यदि ताकत बना लिया जाए, तो न सिर्फ सफलता प्राप्त होती है, बल्कि बड़ी कामयाबी के नए मापदंड रखता है। ऐसे बहुत सारे उदाहरण हैं जब लोगों ने अपने काम के दबाव को अवरोध नहीं, ताकत बना लिया। सुख- दुख, सफलता- असफलता, शांति - क्रोध और किया-कर्म हमारे दृष्टिकोण पर ही निर्भर करता है। जोस सिल्वा ने इस बात से सहमत होते हुए अपनी पुस्तक यू द हीलर में लिखते हैं कि मन मस्तिष्क को चलाता है और मस्तिष्क शरीर को। इस तरह शरीर मन के आदेश का पालन करता हुआ काम करता है।

दबाव में व्यक्ति यदि सकारात्मक होकर काम करें, तो वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में कामयाब होता है। दबाव के समय मौजूद समस्या पर ध्यान केंद्रित करने और बोझ महसूस करने की बजाय यदि यह सोचा जाए कि हम अत्यंत सौभाग्यशाली हैं, जो एक कठिन चुनौती को पूरा करने के लिए तत्पर हैं, तो हमारी बेहतरीन क्षमता है स्वयं जागृत हो उठती है। हमारा दिमाग जिस चीज पर अपना ध्यान केंद्रित करने लगता है, वह हमें बढ़ती प्रतीत होती है। यदि हम अपनी समस्याओं के बारे में सोचेंगे, तो वह और बड़ी महसूस होगी। अपनी शक्तियों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, तो वह भी बड़ी महसूस होगी। इस बात को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए कि जीतना एक आदत है, पर अफसोस! हारना भी आदत ही है।

1. दबाव में कार्य करने पर व्यक्ति क्या हो जाता है?

(क) आलसी (ख) सक्रिय

(ग) नकारात्मक (घ) मूर्ख

2 अपनी कमजोरी को अपनी ताकत बना लेने का क्या परिणाम होता है?

(क) सफलता प्राप्त होती है

(ख) शरीर में ताकत आ जाती है

(ग) नकारात्मकता आती है

(घ) कमजोरी और बढ़ जाती है

3 हमें अपनी समस्याओं के बजाय कहां ध्यान केंद्रित करना चाहिए?

(क)अपनी कमजोरियों पर (ख) अपनी शक्तियों पर

(ग) पुस्तकों पर (घ) वातावरण पर

4 लोगों ने अपने कार्य दबाव को अवरोध की जगह ताकत बना लिया। रचना के आधार पर वाक्य है?

(क) इच्छा वाचक (ख) संदेहवाचक

(ग) मिश्र वाक्य (घ) सरल वाक्य

5 सफलता शब्द में प्रत्यय है

(क) ता प्रत्यय (ख) फल प्रत्यय

(ग) स प्रत्यय (घ) सफल प्रत्यय

6 सुख-दुःख , शांति-क्रोध और क्रिया कर्म किस बात पर निर्भर करते हैं?

(क) वातावरण पर (ख) दृष्टिकोण पर

(ग) आर्थिक स्थिति पर (घ) दबाव पर

7 यू द हीलर पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(क) हेनरी सिल्वा (ख) जोस केनरी

(ग) हेनरी केनरी (घ) जोस सिल्वा

8 दबाव में,,,,,,,,,, होकर ही व्यक्ति अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में कामयाब होता है।

(क) सकारात्मक (ख) स्वावलंबी

(ग) कार्यरत (घ) इनमें से कोई नहीं

9 लेखक के अनुसार हारना क्या है?

(क) कोशिश (ख) आदत

(ग) चुनौती (घ) प्रक्रिया

10 समस्याओं के बारे में लगातार सोचने का क्या परिणाम होगा?

(क) स्वयं समाप्त हो जाएगी

(ख) ज्यों की त्यों रहेगी

(ग) हमें परेशान करती रहेगी

(घ) और बढ़ जाएंगी

**2. निम्नलिखित पद्यांशों मे से किसी एक पद्यांश से संबंधित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चयन द्वारा कीजिए ।** (1x5=5)

"क्या रोकेंगे प्रलय मेघ ये ,क्या विद्युत के नर्तन
मुझे न साथी रोक सकेंगे,सागर के गर्जन-तर्जन|
मै अविराम पथिक अलबेला, रुके न मेरे कभी चरण,
शूलों के बदले फूलों का, किया न मैंने कभी चयन|
मै विपदाओं में मुस्काता नव आशा के दीप लिए,
फिर मुझको क्या रोक सकेंगे, जीवन के उत्थान-पतन|
मै अटका कब, कब विचलित मैं, सतत डगर मेरी संबल,
रोक सकी पगले कब मुझको, यह युग की प्राचीर निबल|
आँधी हो, ओले-वर्षा हो, राह सुपरिचित हो मेरी,
फिर मुझको क्या डरा सकेंगे, ये जग के खंडन-मंडन|
मुझे डरा पाए कब अंधड़, ज्वालामुखियों के कंपन,
मुझे पथिक कब रोक सके हैं, अग्रशिखाओं के नर्तन |
मैं बढ़ता अविराम निरंतर तन-मन में उन्माद लिए,
फिर मुझको क्या डरा सकेंगे, ये बादल विद्युत नर्तन|"

**कविता(क) का मूल भाव क्या है?**

i( पलायन ii( समझौता

iii (आशा iv (संघर्ष

**इस(ख) कविता में कवि के स्वभाव की कौन सी विशेषताएँ नजर आतीं हैं?**

i( संघर्ष व परिश्रम ii( भ्रमित

iii( अंतर्विरोध से भरे iv) क्रुद्ध

**मेघ(ग) और विद्युत किसके प्रतीक हैं?**

i( सुख समृद्धि के ii( शक्ति के

iii( कमज़ोरी के iv( कठिनाइयों व चुनौतियों के

**)घ(मैं बढ़ता अविराम निरंतर तन-मन में उन्माद लिए-इस पंक्ति का आशय बताइए|**

i( उनके मन में क्रोध और आक्रोश है

ii( वे बिना रुके उत्साह के साथ कर्म-पथ पर बढ़ते हैं|

iii( वे विचलित हैं

iv( इनमें कोई नहीं

**नव(ड)आशा के दीप से क्या तात्पर्य है ?**

i( नई उम्मीदें

ii( नये दीपक

iii( नये स्थान

iv( इनमें कोई नहीं

**अथवा**

साँस चलती है तुझे
चलना पड़ेगा ही मुसाफिर।
चल रहा है तारकों का
दल गगन में गीत गाता,
चल रहा आकाश भी है
शून्य में भ्रमता-भ्रमाता,
पाँव के नीचे पड़ी
अचला नहीं, यह चंचला है,
एक कण भी, एक क्षण भी
एक थल पर टिक न पाता,
शक्तियाँ गति की तुझे
सब ओर से घेरे हुए है,
स्थान से अपने तुझे
टलना पड़ेगा ही मुसाफिर।
साँस चलती है तुझे
चलना पड़ेगा ही मुसाफिर।

**कवि(क) ने मुसाफिर किसे कहा है ?**

i) चलने वाले को

ii) मनुष्य को

iii( समाजसेवियों को

iv (इनमें से कोई नहीं

**(ख)धरती को अचला नहीं चंचला क्यों कहा गया है?**

i) यह एक क्षण भी किसी को रुकने नहीं देतीसक्रिय, बनाए रखती है

ii) संपत्ति के रूप में यह लोगों के दिमाग को अहंकार से भर देती है

iii (धरती उथल पुथल से भरी है

iv (इनमें कोई नहीं

**साँस(ग) चलने से कवि का क्या आशय है?**

i) जब तक मनुष्य में द्वंद्व है

ii) जब तक मनुष्य विजयी है

iii( जब तक मनुष्य में जीवन व सामर्थ्य है

iv (इनमें से कोई नहीं

**)घ(काव्यांश का संदेश अपने शब्दों में लिखिए।**

i) निष्क्रियता त्याग कर्म करें

ii) सक्रियता त्याग कर्म करें

iii(अक्रिय रहें

iv( चुपचाप चलते रहें

**काव्यांश(च)का उपयुक्त शीर्षक है:-**

i) संघर्ष का पथ    ii) भाग्य

iii ) ईश्वरेच्छा    iv( सुगम पथ

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने केलिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।(1x5=5)**

**)क समाचार(लेखन के कितने ककार होते हैं?**

i) 4    ii) 5

iii) 6    iv) 3

**आधुनिक.(ख)माध्यमों में सबसे पुराना माध्यम है**

i)अखबार    ii)रेडियो

iii)टेलीविज़न    iv)सिनेमा

**नेट(ग)साउंड किस माध्यम से संबंधित है?**

i)इंटरनेट    ii)टेलीविजन

iii) रेडियो　　　　　iv) सिनेमा

**हिंदी(घ)में नेट पत्रकारिता का आरंभ किससे हुआ?**

i) भास्कर　　　　　ii) जागरण

iii) वेबदुनिया　　　　　iv) प्रभासाक्षी

**)ङ( कागज और मुद्रण के आविष्कार से हुई क्रांति को क्या कहते हैं?**

i) श्वेत क्रांति　　　　　ii) सूचना क्रांति

iii) संयुक्त क्रांति　　　　　iv) पेपर क्रांति

**4.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निर्देशानुसार सही उत्तरवाले विकल्पो का चयन कीजिएः (1x5-5)**

खेती न किसान को, भिखारी को न भीख, बलि,
बनिक को बनिज, न चाकर को चाकरी।
जीविका बिहीन लोग सीद्यमान सोच बस,
कहैं एक-एकन सों 'कहाँ जाई, का करी?'
बेदहूँ पुरान कही, लोकहूँ बिलोकिअत,
साँकरे सबै पै, राम! रावरें कृपा करी
दारिद-दसानन दबाई दुनी, दीनबन्धु !
दुरित-दहन देखि तुलसी हहा करी ।।

**1. समाज में चारों ओर किसका बोल-बाला है?**

(i) प्रेम और भाईचारे का　　　　　(ii) गरीबी और बेकारी का

(iii) घृणा और लड़ाई का　　　　　(iv) अमीरी और रोजगारी का

**2. संपूर्ण समाज को गरीबी ने किस रूप में घेर रखा है?**

(i)रावण　　　　　(ii) राक्षस

(iii)शैतान　　　　　(iv) दानव

**3. वेदों और पुराणों के अनुसार संकट के समय कौन सहायता करता है?**

(i) नेता लोग　　　　　(iii) देवता

(ii) अफसर　　　　　(iv) प्रभु राम

**4. 'दारिद-दसानन' में अलंकार है?**

(i) यमक　　　　　(ii) श्लेष

(iii) रूपक　　　　　(iv) उत्प्रेक्षा

**5. प्रस्तुत काव्यांश में प्रयुक्त 'बनिज' शब्द का क्या अर्थ है?**

(i)बनिया　　　　　(ii) व्यापार

(iii) नौकर　　　　　(iv) परिवार

**5 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही उत्तरवाले विकल्प चुनकर लिखिए** (1x5=5)

भक्तिन के संस्कार ऐसे हैं कि वह कारागार से वैसे ही डरती है, जैसे यमलोक से । ऊँची दीवार देखते ही, वह आँख मूंदकर बेहोश हो जाना चाहती है । उसकी यह कमज़ोरी इतनी प्रसिद्धि पा चुकी है कि लोग मेरे जेल जाने की संभावना बता-बताकर उसे चिढ़ाते रहते हैं । वह डरती नहीं, यह कहना असत्य होगा, पर डर से भी अधिक महत्व मेरे साथ का ठहरता है । चुपचाप मुझसे पूछने लगती है कि वह अपनी कै धोती साबुन से साफ़ कर ले, जिससे मुझे वहाँ उसके लिए लज्जित न होना पड़े । क्या-क्या सामान बाँध ले, जिससे मुझे वहाँ किसी प्रकार की असुविधा न हो सके । ऐसी यात्रा में किसी को किसी के साथ जाने का अधिकार नहीं, यह आश्वासन भक्तिन के लिए कोई मूल्य नहीं रखता । वह मेरे न जाने की कल्पना से इतनी प्रसन्न नहीं होती, जितनी अपने साथ न जा सकने की संभावना से अपमानित । भला ऐसा अंधेर हो सकता है । जहाँ मालिक वहाँ नौकर- मालिक को ले जाकर बंद कर देने में इतना अन्याय नहीं; पर नौकर को अकेले मुक्त छोड़ देने में पहाड़ के बराबर अन्याय है । ऐसा अन्याय होने पर भक्तिन को बड़े लाट तक लड़ना पड़ेगा । किसी की माई यदि बड़े लाट तक नहीं लड़ी तो नहीं लड़ी; पर भक्तिन का तो बिना लड़े काम ही नहीं चल सकता ।

**क) भक्तिन किस बात से डरती थी ?**

i)यमलोक से ii) ऊँची दीवारों से

iii)जेल जाने से iv) मालकिन के जेल जाने से

**ख) लोग भक्तिन को क्या कह कर चिढ़ाते थे ?**

i) उसकी मालकिन को जेल हो जाएगी

ii) उसे जेल हो जाएगी

iii) उसकी मालकिन उसे हटा देगी

iv) उसकी मालकिन उसे मार देगी

**ग) स्वयं के जेल जाने से ज्यादा भक्तिन किस बात को महत्व देती थी ?**

i) मालकिन के जेल जाने को

ii) मालकिन के साथ रहने को

iii) साफ़ कपड़े तैयार रखने को

iv) अपनी नौकरी को

**घ) भक्तिन मानती है -**

i) जहाँ मालिक हो वहीं नौकर को भी बंद होना चाहिए

ii) नौकर को अकेले छोड़ना अन्याय है

iii) ऐसा अन्याय होने पर उसे बड़े लाट तक जाना ही होगा

iv) उपर्युक्त सभी विकल्प सही हैं

**ङ) भक्तिन का तो लड़े बिना काम ही नहीं चल सकता, क्योंकि -**

i) वह बहुत झगड़ालू है ।

ii) वह अन्याय नहीं सह सकती ।

iii) उसकी बात कोई नहीं सुनता ।

iv) वह लोगों को परेशान करना चाहती है ।

**प्रश्न6.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु निर्देशानुसार सही विकल्प का चयन कीजिए।** (1x10=10)

**क) सिल्वर वेडिंग कहानी की मूल संवेदना क्या है ?**

i) पीढ़ियों के अन्तराल की समस्या

ii) मानवीय मूल्यों का ह्रास

iii) यशोधर बाबू की पुरानी सोच

iv) उपर्युक्त सभी

**ख) यशोधर बाबू अपनी बातचीत में जब कुछ अनुचित पाते तो वे क्या कहते ?**

i) समहाउ इम्प्रॉपर

ii) एनीवे

iii) यह सब गलत है

iv) जो हुआ होगा

**ग) जूझ कहानी में लेखक के कक्षा अध्यापक कौन थे ?**

i) मंत्री मास्टर

ii) रणनवरे मास्टर

iii) मास्टर सौंदलगेकर

iv) दत्ताजी राव

**घ) जूझ कहानी का मुख्य पात्र है –**

i) दत्ताजी राव

ii) आनंद

iii) वसंत पाटिल

iv) सौन्दलगेकर मास्टर

**ङ) 'सिन्धु घाटी की सभ्यता' को साधन सम्पन्न सभ्यता किस आधार पर कहा जा सकता है ?**

i) सुनियोजित नगरों, अच्छी सड़कों की योजना तथा उनके धातु ज्ञान के आधार पर

ii) उनके नगरों में पानी की अच्छी व्यवस्था थी

iii) वे खेती करना जानते थे पर उनके पास यातायात के साधन नहीं थे

iv) विकल्प एक तथा दो सही हैं

**च) मुअनजो दड़ो के अजायब घर में किसी हथियार का न मिलना, राजमहल न होना, मंदिर न होना किस बात का द्योतक है ?**

i) यह सभ्यता विकसित न थी

ii) इस सभ्यता के लोग हथियारों का प्रयोग करना नहीं जानते थे

iii) यह सभ्यता स्वानुशासित थी, यहाँ सत्ता का कोई केंद्र नहीं था

iv) इस सभ्यता के लोग राजमहल बनाना नहीं जानते थे

**छ) खुदाई के दौरान मिले महाकुंड के विषय में कौन-सा तथ्य गलत है –**

i) तालाब की लम्बाई चालीस फुट, चौडाई पच्चीस फुट तथा गहराई सात फुट है

ii) कुंड में दक्षिण और पश्चिम से सीढ़ियाँ उतरती हैं

iii) कहीं भी साधुओं के कक्ष नहीं बनाए गए हैं

iv) उत्तर की दिशा में सात स्नानघर हैं जिनमें किसी का भी द्वार दूसरे के सामने नहीं खुलता है

**ज) किशनदा सुबह सैर से लौटते वक्त यशोधर के घर में झाँकते हुए क्या कहते थे?**

(i) हेल्दी-वेल्दी एंड वाइज

(ii) शुभ प्रभात

(iii) समतिंग इमप्रोपर

(iv) इनमें से कोई नहीं

**झ)"जूझ' कहानी से लेखक की किस प्रवृत्ति का उद्घाटन हुआ है?**

i) पढ़ने की प्रवृत्ति का

ii) कविता करने की प्रवृत्ति का

(iii) लेखन प्रवृत्ति का

(iv) संघर्षमयी प्रवृत्ति का

**ट). मुअनजो-दड़ो को किस युग का नगर माना जाता है?**

(i) कांस्य युग

(ii) पाषाण युग

(iii) ताम्र युग

(iv) लौह युग

**खण्ड ब- वर्णनात्मक प्रश्न**

**प्रश्न 7. दिए गए अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग शब्दों में 120 रचनात्मक लेख लिखिए ।** )6 x1 = 6 )

i) चांदनी रात और मैं

ii) आज़ादी का अमृत महोत्सव

iii) प्रिय खेल

iv) बाल मज़दूरी

**शब्दों में दीजिए । 60 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 8** )3 x2 = 6)

i) .कहानी का चरम उत्कर्ष लिखते समय कथाकार को क्या सावधानी बरतनी चाहिए?

ii) नाटक के प्रमुख तत्वों का उल्लेख कीजिए

iii) रेड़ियो नाटक के लिए कहानी का चुनाव करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

**प्रश्न 9. निम्नलिखित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग शब्दों में लिखिए । 80** ) 4 x2 = 8)

i) फीचर और समाचार में क्या अंतर है ?

ii) विशेष लेखन की भाषा शैली कैसी होनी चाहिए?

iii) संदेह करना पत्रकार का गुण क्यों माना जाता है?

**प्रश्न 10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग शब्दों में दीजिए । 60** )3 x2 = 6)

(i) 'कविता के बहाने' के आधार पर 'सब घर एक कर देने' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ii) कवितावली की कविताओं के आधार पर सिद्ध कीजिए कि तुलसीदास को अपने युग की आर्थिक विषमताओं की अच्छी समझ थी।

(iii) 'उषा' कविता में किन उपमानों के द्वारा गाँव की सुबह का गतिशील शब्दचित्र बनाया गया है ?

**प्रश्न काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों 11में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग शब्दों में दीजिए । 40** )2 x2 = 4)

i) शोकग्रस्त माहौल में हनुमान के अवतरण को करुण रस के बीच वीर रस का आविर्भव क्यों कहा गया है?

ii) बच्चे किस बात की आशा में नीड़ों से झांक रहे होंगे ?'एक गीत 'कविता के आधार पर लिखिए।

iii) "भाषा के चक्कर में ज़रा टेढ़ी फँस गई- आशय स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 12. गद्यखंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग शब्दों में दीजिए । 60** )3 x2= 6)

(i) लुट्टन पहलवान ने ऐसा क्यों कहा होगा कि मेरा गुरु कोई पहलवान नहीं,यही ढोल है ?तर्क दीजिए|

(ii) "काले मेधा पानी दे ' संस्मरण विज्ञान के सत्य पर सहज प्रेम की विजय का चित्र प्रस्तुत करता है - स्पष्ट कीजिए ।

(iii( बाज़ार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या-क्या प्रभाव पड़ता है?स्पष्ट कीजिए|

**प्रश्न 13. गद्यखंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग शब्दों में दीजिए । 40** )2 x2=4)

)i( भक्तिन के आ जाने से महादेवी अधिक देहाती कैसे हो गई?

)ii( जीजी ने इंदरसेना पर पानी फेंके जाने को किस तरह सही ठहराया?

)iii( बाजार दर्शन पाठ के आधार पर भगत जी के स्वभाव की कोई दो विशेषताएं समझाइए।